चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः बी0एड0 परीक्षा/ 1251 (अ)

दिनांकः 21.02.2026

शीर्ष प्राथमिकता/अति महत्वपूर्ण

सेवा में,
प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान,
(समस्त अल्पसंख्यक संस्थान)

विषयः— शैक्षिक सत्र 2025—2027 में प्रवेशित छात्रों के नामांकन संख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक का सन्दभ्र ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि बी0एड0 पाठयकम में प्रवेश हेतु स्नातक/परास्नातक (आवश्यकतानुसार) उपाधि होना अनिवार्य है। शैक्षिक सत्र 2025—2027 मे प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जायेगें। ऐसे बी0एड0 पाठयकम में प्रवेशित छात्र जो अर्हता परीक्षा (स्नातक/परास्नातक) चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से उत्तीर्ण है उन छात्रों का विवरण निम्नलिखित प्रारूप पर **Excel File** ई—मेल आई0डी0 **CCSUSAMARTHEXAM@CCSUNIVERSITY.AC.IN** पर दिनांक 25.02.2026 तक एंव हार्ड कापी दिनांक 27.02.2026 तक अनिवार्य रूप से बी0एड0 परीक्षा विभाग में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में प्रवेशित छात्र को नवीन नामांकन संख्या आवंटित संख्या कर दी जायेगी जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन शुल्क रूपये 160/— लिया जायेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा। सूच्य है कि प्रवेशित छात्रों को नामांकन संख्या आवंटित किये जाने के उपरान्त ही उनके परीक्षा फार्म भरे जायेगे। अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण अर्हता परीक्षा (स्नातक/परास्नातक) छात्रों का नवीन नामांकन संख्या आवंटित की जायेगी।

महाविद्यालय का समर्थ पोर्टल कोडः—

नाम :—

कम सं0	बी0एड0 प्रवेश पंजीकरण /विश्वविद्यालय पंजीकरण (अल्पसंख्यक संस्थान की दशा में)	छात्र का नाम	पिता का नाम	चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक/परास्नातक स्तर पर आवंटित नामांकन संख्या

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः—
01. वयैक्तिक सहायक कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. वयैक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
03. वयैक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।

21/02

उप कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)